आज़ादी का अमृत महोत्सव

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

303

फा.स : भाखेप्रा/रा.भा/3085/2025-26 /94 दिनांक : 01.05.2025

सेवा में,

समस्त नोडल कार्यालय प्रमुख
नराकास दक्षिण दिल्ली – 2
दिल्ली

**विषय : - राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में, सूचनार्थ प्रस्तुत है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त ई-मेल के अनुसार दिनांक 26 जून, 2025 को राजभाषा विभाग की स्थापना को 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मंडपम, नई दिल्ली "राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह" का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी है।

पत्र द्वारा इन प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, वॉलीवॉल, शतरंज के साथ-साथ वॉकेथलोन (लोधी गार्डन से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम) प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किए जाने का अनुरोध किया गया है । खेल आयोजन से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था भारतीय खेल प्राधिकरण को सौंपी गई है जिसे सदस्य कार्यालयों के सहयोग से पूरा किया जाना है। (कृपया संलग्न प्रति देखें)

इस संबंध में, दिनांक 05.05.2025 को अपराहन 2:00 से 3:00 बजे तक नराकास दक्षिण दिल्ली – 2 की उपसमितियों के सभी नोडल कार्यालयों के प्रमुखों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी

जारी.........

302

जिसमें उपरोक्त समारोह के आयोजन से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्थाओं एवं इन पर होने वाले व्यय के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

अतः सभी उपसमितियों के नोडल कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपनी राजभाषा अधिकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज करें । उक्त बैठक में प्रतिनिधि के रूप में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारी भी भाग लेंगे।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

गीता पाराशर
1/5/25

**(डॉ. गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

प्रतिलिपि : -

1. श्री संतोष कुमार, अनुसंधान अधिकारी, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
2. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण के उपनिदेशक
3. सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण के अनुभाग अधिकारी
4. मास्टर फाइल